स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 15.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी से निगम क्षेत्र के अंतर्गत किये जा रहे सफाई व्यवस्था से अवगत होते हुए निर्देशित किया गया कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ–सफाई व्यवस्था नियमित रुप से हो तथा यह भी सुनिश्चित करें कि रात्रिकालीन में भी सफाई का कार्य हो तथा किये जा रहे सफाई व्यवस्था का स्वयं निरीक्षण करें। निगम भिलाई के आयुक्त श्री चौहान के निर्देशानुसार वार्ड 21, 22, 23 व 27 में सफाई कार्य किया गया वार्ड 21 में बैकुण्ठधाम के पास नाली की सफाई, महिला सुलभ के पास बड़ी नाले की सफाई, बुद्ध विहार के पास सुरेश हलवाई के पास की नाली की सफाई की गई। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01,02,03,04,05 एवं 06 के विभिन्न वार्ड में सफाई कार्य किया जा रहा है, वार्ड 22, 23 में रात्रि में भी सफाई की जा रही है सफाई कार्य के अतंर्गत आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्पलेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित अन्य वार्ड में जे.सी.बी. एवं डम्पर के माध्यम से कचरा उठाया गया तथा नाली, सड़क सार्वजनिक शौचालय, की सफाई की गई। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेन्द्र मिश्रा ने सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के भी द्वारा सड़क, नाली पर कचरा फेंका या डाला जा रहा है। उसने नियमानुसार जुर्माना वसुल करते हुए रसीद देवें। घर से निकलने वाले कचरा लेते समय देखें कि कचरा अलग–अलग है या नहीं। कचरे देने वाले को समझाएं कि सुखे एवं गीले कचरे अलग–अलग डस्टबीन में ही रखें तथा आम लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझा कर साफ–सफाई बनाये रखने के संदेश देवें। निगम आयुक्त ने सफाई कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने–अपने क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करते रहना और डोर टु डोर कचरा कलेक्शन का कार्य करना एवं लोगों को समझाएं कि घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को निगम द्वारा वितरित किये गये डस्टबीन में अलग–अलग रखकर सफाई मित्र को देवें।

जनसम्पर्क अधिकारी